आइटी हाटस्पाट के तौर पर विकसित होगा लखनऊ

नादरगंज क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिटी के विकास की प्रक्रिया हुई तेज, यूपीएलसी ने एजेंसियों से मांगे आवेदन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : राजधानी लखनऊ को देश के उभरते हुए आइटी हाटस्पाट के तौर पर स्थापित करने के लिए नादरगंज क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) सिटी के विकास की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। लखनऊ में एआइ सिटी के विकास के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशा-निर्देश पर विस्तृत कार्ययोजना बनाई गई है, जिसके क्रियान्वयन की जवाबदेही यूपी इलेक्ट्रानिक्स कारपोरेशन लिमिटेड (यूपीएलसी) को दी गई है। इस कड़ी में यूपीएलसी ने यूपी इलेक्ट्रानिक्स विनिर्माण नीति के तहत रियल एस्टेट डेवलपर कंपनियों व अन्य एजेंसियों से आवेदन मांगे हैं।

परियोजना के तहत आइटी व इलेक्ट्रानिक्स विभाग ने नादरगंज में 40 एकड़ भूमि चिह्नित कर ली है। लखनऊ अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से लगभग तीन किलोमीटर की दूरी पर स्थित यह भूमि एआइ सिटी की स्थापना के लिए अनुकूल बताई गई है। तय शर्तों के अनुसार डेवलपर्स को एआइ सिटी में अत्याधुनिक संरचना के विकास करना होगा, जिसके तहत प्लग एंड प्ले इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ-साथ इनक्यूबेटरों, स्टार्टअप और कारपोरेट सेक्टर के लिए ग्रेड-ए कार्यालय के साथ एक टावर का निर्माण भी करना होगा। आइटी पेशेवरों के लिए आकर्षक हरित स्थान, मनोरंजक और सामाजिक बुनियादी ढांचे का निर्माण के अलावा प्रकाश व्यवस्था और ऊर्जा प्रबंधन प्रणालियों का ध्यान भी रखना होगा। इस कार्य के लिए उन एजेंसियों को प्राथमिकता दी जाएगी, जिनका वार्षिक टर्नओवर 1000 करोड़ रुपये से ज्यादा होगा।